# महिला का बिना धड़ और हाथ कटा शव कचरे के ढेर में मिला


**बीकानेर,** (कासं)। पवनपुरी साउथ एक्टेंशन के आगे अंडरब्रिज के पास एक महिला की हत्या करके शव फेंक दिया गया। हत्या इतनी नृशंस तरीके से की गई की उसका धड़ तक अलग कर दिया। यहां तक की दोनों हाथ भी काट दिये गये। बिना धड़ का शव पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम खुद पहुंचकर घटना की जानकारी ली व एफएसल की टीम ने छानबीन शुरु कर दी है। महिला की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पवनपुरी से आगे अंडरब्रिज से एक रास्ता पोटडा गांव की ओर जाता है। अंडरब्रिज से आगे इसी मार्ग पर सड़क किनारे महिला का शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला है। बिना धड के शिनाख्त करना अब पुलिस के लिए चुनौती बन गया है।

महिला के हाथ भी काट दिये गये है। मौके पर हाथ भी नहीं मिले हैं। घटना के बारे में पुलिस को राहगीर ने बताया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मृतका के शरीर पर चोट के निशान है आशंका जताई जा रही है कि किसी ने हत्या करने के बाद शव कचरे में फेंक दिया शव कब से यहां पड़ा है।

इसका पता लगाया जा रहा है। महिला के पास कोई सुराग नहीं मिला है जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस आस- पास के लोगों से पडताल कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी तेजस्विनी गौतम खुद मौके पर पहुंच गई मौका मुआयना करने के बाद एसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

एडीशनल एसपी दीपक कुमार भी मौके पर पहुंच गये। एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई है। डॉग स्कवायड को भी घटना स्थल पर बुलायो गया है।



**बीकानेर में पवनपुरी साउथ एक्टेंशन के आगे अंडरब्रिज के पास महिला का धड़ कटा शव मिलने पर एस.पी. तेजस्विनी गौतम घटनास्थल पर पहुंची।**

- **पवनपुरी साउथ एक्टेंशन के आगे अंडरब्रिज के पास एक महिला की हत्या करके शव फेंका**

**दुकान में आग लगने से मालिक झुलसा :** जस्सूसर गेट रोड पर बिजली सामान की दुकान में अचानक आग लग गई। आग से दुकान मालिक झुलस गया। उसे उपचार के लिए तुरन्त अस्पताल ले जाया गया। दुकान में बड़ी मात्रा में फाइबर, कूलर, वायर, इलेक्ट्रिकल सामान होने से आग तेज हो गई। आग व धुएं की लपटें दुकान से निकलती रही। सूचना मिलते ही नया शहर थाना पुलिस और नगर निगम की दमकल मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। आग व धुएं को देखते हुए मौके पर चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची। शाम करीब 5.30 बजे लगी आग पर ढाई घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया जा सका। आग से दुकान में रखे सामान सहित दीवारों, गेट, टीनशैड को नुकसान पहुंचा है। राठी फैन इंडस्ट्री दुकान में लगी आग से मालिक सत्यनारायण राठी झुलस गया। पेट व पांव झुलस गए। पहने हुए कपडे भी आग की चपेट में आ गए।

गनीमत रही कि राठी समय रहते दुकान से बाहर निकल आए। मौके पर मौजूद आस पडौस के लोग उन्हें अस्पताल लेकर गए। दुकान में आग लगने का वास्तविक कारण अभी सामने नहीं आया है।

आग के कारण दुकान से लगातार धुंआ निकलता रहा। दमकल कर्मियों को भी धुंए व एक ही गेट होने के कारण आग बुझाने में परेशानी होती रही। गेट के पास बनी दीवार को तोड़ा गया व दुकान की छत में लगे टीनशैड को भी बल्लियों की मदद से ऊपर किया गया ताकि धुंआ निकल सके व आग बुझाई जा सके। आग के कारण गेट के पास लगा कांच भी दरक गया। शेष कांच को भी हटाया गया।

## कोड 2011 की पालना नहीं करने पर मान्यता रद्द

**हनुमानगढ़,** (कासं)। समस्त खेल संघों को नेशनल स्पोर्ट्स डवलपमेंट कोड 2011 की अक्षरशः से पालना करने के निर्देश दिए गए है। जिला खेल अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि भारत सरकार के युवा मामले व खेल मंत्रालय की ओर से 31 जनवरी 2011 से संपूर्ण भारत में नेशनल स्पोर्ट्स डवलपमेंट कोड 2011 को प्रभावी किया गया है।

देश भर में यह कोड प्रचलित व लागू है। इस कोड के माध्यम से देश भर में नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन राज्य व जिला खेल संघ की समस्त गतिविधियों को सुव्यवस्थित, पारदर्शी, खेल हितैषी बनाने, खेलों को बढ़ावा देने, खेल संघों के चुनाव, सदस्यों का निर्वाचन, सदस्यता अवधि, एंटी डोपिंग नियम, आयु फ्रॉड को रोकना, खेल संघों का प्रबंधन, खेल संघों की गतिविधियों में पारदर्शिता, खेल संघों को वित्तीय मदद, खेलों का आयोजन आदि समस्त खेल गतिविधियों के संबंध में विस्तृत प्रावधान, सुझाव राज्य की गाइडलाइन को समायोजित किया गया है।

सिंह ने बताया कि समस्त खेल संघ कोड के नियमों की अक्षरशः पालन करें। समस्त खेल संघों को निर्देश दिया है कि नेशनल स्पोर्ट्स डवलपमेंट कोड 2011 की पालना 2 दो माह में करें। खेल संघ नेशनल स्पोर्ट्स डवलपमेंट कोड 2011 की पालना नहीं करेंगे तो खेल संघ की मान्यता, संबंद्धता समाप्त कर दी जायेगी।

## सार-समाचार

### सी.ए. सदसयों की कार्यशाला




**सी.ए.सदस्यों की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला में रोहित रूवाटिया को स्मृति चिन्ह भेंट किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। दी इंस्टीट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ़ इंडिया की बीकानेर ब्रांच के अध्यक्ष का जसवंत सिंह बैद ने बताया कि सीए सदस्यों के लिए आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया मुख्य वक्ता सेंट्रल काउंसिल मेंबर सीए रोहित रूवाटिया सीआईआरसी अध्यक्ष सीए आकाश बारगोटी व सीए रोहित प्रधान थे उन्होंने एआई के पहलुओं को बहुत ही बारीकी से समझाया तथा सीए सदस्यों को लैपटॉप पर प्रैक्टिकल भी करवाया। आज के कार्यक्रम में ब्रांच उपाध्यक्ष सीए हेतराम पूनिया, ब्रांच सचिव सीए अभय शर्मा, ब्रांच कोषाध्यक्ष सीए मुकेश शर्मा, ब्रांच सीकासा अध्यक्ष राहुल पच्चीसिया, ब्रांच कार्यकारिणी सदस्य सीए अंकुश चौपड़ा, भूतपूर्व अध्यक्ष सीए वीरेंद्र सुराणा, सीए नवीन चांडक, सीए ललित गुलगुलिया, सीए अनुराग शर्मा, सीए अरिहंत गुलगुलिया, सीए कुसुम सोनी, सीए प्रीति डागा, सीए दीपक आचार्य व अन्य सीए सदस्य भी उपस्थिति थे। कार्यक्रम के अंत में कार्यकारिणी सदस्यों ने अतिथियों का शाल साफा पताका व प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया।

### इलाज के लिए आधार-जनाधार

**बीकानेर,** (कासं)। पीबीएम अस्पताल में अब आधार कार्ड और जन आधार कार्ड साथ ले जाना होगा। अन्यथा उपचार शुरू होने में नियम आड़े आ सकते हैं। दरअसल सरकारी योजनाओं के लाभाथिर्यों की और अस्पताल व्यवस्था की सुविधा के मद्देनजर इस आशय के आदेश अस्पताल के अधीक्षक द्वारा जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक चिकित्सालय के ओपीडी एवं आईपीडी में इलाज के लिए मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना के लाभार्थियों आधार व जन आधार कार्ड साथ लाने की अनिवार्यता रखी गई है। विभागाध्यक्ष एवं लैब प्रभारियों को निर्देशित किया है कि ओपीडी एवं आईपीडी के मरीजों के जांच फॉर्म भरने एवं हस्ताक्षर करते समय जन आधार कार्ड की अनिवार्यता को अधीनस्थ चिकित्सकों, नर्सिंग कार्मिकों एवं टेक्नीशियनों को सुनिश्चित करने के आदेश जारी करें। विदित है कि पहले से ही अस्पताल में सिटी स्कैन, एमआरआई जैसी महत्वपूर्ण जाचों के लिए ही जन आधार कार्ड अनिवार्य है। अब भर्ती मरीजों एवं अन्य जांचों के लिए भी जन आधार कार्ड अनिवार्य किया गया है।

### विधायक न्यांगली ने मांगों को मंत्रियों के सामने रखा

**सादुलपुर,** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र की दर्जनभर महत्वपूर्ण मांगों सहित प्रदेश के युवाओं की विभिन्न मांगों को लेकर विधायक मनोज न्यांगली हफ्तेभर से जयपुर में डेरा डाले हुए हैं। सिद्धमुख पंचायत समिति कार्यालय भवन का निर्माण, बकाया फसल बीमा, चैनपुरा छोटा में 220 केवी जीएसएस के कार्य को पूर्ण करने, जिले में पुलिस महकमे में रिक्त पड़े सैकड़ों पदों को तुरंत भरने, राजगढ के सरकारी अस्पताल में ब्लड स्टोरेज पुनः शुरू करने, सिद्धमुख नहर के 14 गांवों में चक्कबंदी कार्य पूर्ण करने व नहर विस्तार, क्षेत्र में लंबित 16 सडकों तथा निविदाधीन 7 सडकों का निर्माण कार्य पूर्ण करवाने, रीट भर्ती 2016 तथा 2018 की भर्ती प्रक्रिया की खामियों की बिंदुवार जांच, युवा मित्रों की बहाली, चिरंजीवी/आयुष्मान योजना में इंटर स्टेट पोर्टबिलिटी सुविधा लागू करने, नजदीकी राज्यों से सादुलपुर में विवाहित आरक्षित वर्ग की महिलाओं को सुगमता से जाति प्रमाण पत्र जारी करने बाबत सार्वजनिक पत्र तहसील कार्यालयों में चस्पा करवाने, प्रक्रियाधीन रीट भर्ती 2022 में पात्र अभ्यर्थियों की सत्यापन सूचि संबंधित जिलों को प्रेषित करने सहित विभिन्न मांगो को लेकर मुख्य शासन सचिवालय जयपुर के मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर अलग-अलग विभागों के मंत्रियों के पास पहुंचकर उपरोक्त मांगों को शीघ्र पूर्ण करने की मांग की है। साथ ही सिद्धमुख पंचायत समिति में प्रशासक की नियुक्ति व नव स्थापित सरकारी कॉलेज में स्टॉफ की नियुक्ति को लेकर भी विधायक मनोज न्याँगली ने संबंधित मंत्रालयों को अवगत करवाया है। विधायक न्याँगली ने स्वयं को विधानसभा की मार्फत प्राप्त तथ्यों के आधार पर क्षेत्र में लंबित विभिन्न कार्य योजनाओं को पूर्ण करने की मांगों को भी पुरजोर तरीके से सरकार के समक्ष रखा है।

### शिक्षक संघ अंबेडकर की बैठक

**सादुलपुर,** (निसं)। शिक्षक संघ अंबेडकर शाखा राजगढ की शनिवार को दलित छात्रावास में मास्टर मानसिंह मेघवाल की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में सभाकक्ष का सौंदर्यकरण का अवलोकन किया गया। साथ ही बकाया काम को अंतिम रूप देने के लिए विचार विमर्श कर सहयोग मांगा गया। दलित छात्रावास में राजस्थान शिक्षक संघ आंबेडकर शाखा राजगढ की बैठक में सर्वप्रथम छात्रावास में स्थित बडे हॉल को सभागार के रूप में तैयार किए जाने की आम सहमति बनी। वहीं मीटिंग में इस हॉल में अच्छी क्वालिटी का रंग, खिडकियों के टूटे कांच, खिडकियों के पर्दे, जाजम या दरियां, बहुजन महापुरुषों की तश्वीरें, 6 पंखे और थोडी बहुत बिजली फिटिंग की आवश्यकता है। मानसिंह मेहरा व ब्रह्मानंद मेहरा ने आगामी दिनों के शिक्षा मंत्री के दौरे को देखते हुए तैयारियों के लिए उपस्थित शिक्षकों की राय ली। मीटिंग में रघुवीर बाडेटिया, चंद्रभान गोठवाल, उमेद सुनिया, सुभाष बागोत, ब्रह्मानन्द, देवीलाल रंगा, जयवीर, बलवान सहित अनेक शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने की योग दिवस तैयारियों की समीक्षा

**बीकानेर,** (कासं)। योग दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह 21 जून को रेलवे ग्राउंड में प्रातः 7 से 8 बजे तक आयोजित किया जायेगा। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी।

- **योग दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह 21 जून को रेलवे ग्राउंड में होगा**

जिला कलेक्टर ने बताया कि योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय, ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर तक योगाभ्यास के आयोजन होंगे। उन्होंने विभिन्न विभागों को समस्त व्यवस्थाएं समय पर करवाते हुए योगाभ्यास में आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। वृष्णि ने बताया कि योग अभ्यास कार्यक्रमों के लिए आयुष विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर भी सफल आयोजन के लिए आयुर्वेद विभाग द्वारा 9 ब्लॉक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए हैं। ये सभी अधिकारी ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर अन्य विभागों के साथ समन्वय करते हुए योग कार्यक्रमों का सफल आयोजन सुनिश्चित करवाएंगे।

जिला कलेक्टर ने योग दिवस पर मुख्य समारोह के संबंध में की गई तैयारियों की जानकारी लेते हुए नगर निगम को कार्यक्रम स्थल के आसपास साफ-सफाई, पेयजल, मोबाइल टॉयलेट इत्यादि समस्त व्यवस्थाएं करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा विभाग से योग कार्यक्रम स्थलों पर एम्बुलेंस सहित मेडिकल टीम तैनात रखने को कहा।

जिला कलेक्टर ने कहा कि योगाभ्यास में विभिन्न स्कूलों, कॉलेज, नेहरू युवा केन्द्र, एनएसएस, एनसीसी कैडेट्स सहित योग सेवा संस्थाओं और स्वयंसेवी संगठनों के स्वयंसेवकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा योग दिवस से पूर्व योग प्रोटोकॉल रिहर्सल का आयोजन किया जाए। उन्होंने योग दिवस के अवसर पर समस्त राजकीय विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में योगाभ्यास का आयोजन करवाने के निर्देश दिए।

आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ नंदलाल मीना ने बताया कि सभी ब्लॉक्स में योग कार्यक्रमों के आयोजन के समन्वय के लिए आयुर्वेद विभाग के ब्लाक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई हैं। प्रोटोकॉल के अनुसार योग का पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। जिला स्तर पर भी वरिष्ठ नागरिक भ्रमण पार्क, लाली बाई पार्क और आयुर्वेद कॉलेज में योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में योगाभ्यास किया जा रहा है।

बैठक में सीईओ जिला परिषद सोहनलाल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेद सिंह रतनू, उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ नंदलाल मीणा सहायक निदेशक आयुर्वेद विभाग डॉक्टर सुरेश कुमार सैनी नगर निगम आयुक्त अशोक कुमार असीजा, सीएमएचओ डॉ राजेश गुप्ता , योग प्रभारी डा संतोष शेषमा सहित पीएचईडी अधीक्षण अभियंता राजेश पुरोहित आदि मौजूद थे।

## पी.एच.डी. प्रवेश आवेदन 18 तक

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के तीनों संघटक महाविद्यालयों में अकादमिक सत्र 2023-24 के लिए पीएच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अन्तिम तिथि 18 जून है।

अधिष्ठाता स्नातकोत्तर अध्ययन प्रो. राजेश कुमार धूड़िया ने बताया कि तीनों संघटक महाविद्यालयों में अभ्यर्थियों को आई.सी.ए.आर. द्वारा आयोजित आई.सी.ए.आर.-ए.आई.सी.ई. (पी.एच.डी) में प्राप्त स्कोर के आधार पर पी.एच.डी. की 63 सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा। पी.एच.डी. प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रवेश फार्म एवं शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 18 जून है।

पी.एच.डी. में प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया वेटरनरी कॉलेज, बीकानेर में 20 जून को होगी। नव प्रवेशित अभ्यर्थियों हेतु 26 जून से अध्यापन कार्य शुरू हो जायेगा। प्रवेश हेतु शुल्क रजिस्ट्रेशन दिनांक एवं काउंसलिंग प्रक्रिया हेतु आवश्यक दिशा निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## पेनचक सिलाट में बीकानेर ने गोल्ड जीता

**बीकानेर,** (कासं)। बारहवीं नेशनल पेनचक सिलाट सीनियर एवं मास्टर चैम्पियनशिप ओडिशा स्थित केआईआईटी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर में 10 से 14 जून को आयोजित की गई। 12 वीं सीनियर एंड मास्टर नेशनल पेनचक सिलाट चैम्पियनशिप में राजस्थान स्टेट के खिलाडियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए 3 गोल्ड, 3 सिल्वर तथा 3 ब्रोंज सहित 9 नेशनल मैडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया जिसमें चैनाराम सेपट, रवि चौधरी तथा शोभा सारस्वत बीकानेर ने गोल्ड मैडल जीता। रोहिताश हुड्डा, सुरज गौरा व देवेन्द्र कुमार सारस्वत बीकानेर ने नेशनल सिल्वर मैडल तथा राजपाल गौरा, गायत्री चौधरी बीकानेर एवं सरिता जाखड़ ने नेशनल ब्रोंज मैडल प्राप्त किया।

- **राजस्थान के खिलाडियों ने 3 गोल्ड, 3 सिल्वर तथा 3 ब्रोंज मैडल जीते**

पेनचक सिलाट समिति राजस्थान स्टेट प्रेसीडेंट एवं राजस्थान मुस्लिम वक्फ बोर्ड चैयरमैन डॉ खानू खान बुधवाली ने बताया कि ओडिशा में आयोजित इंडोनेशियाई मार्शल आर्ट्स पेनचक सिलाट खेल की 12 वीं सीनियर एवं मास्टर नेशनल पेनचक सिलाट चैम्पियनशिप भुवनेश्वर में टीम राजस्थान के 40 मेल फिमेल एथलीट्स सहित 44 सदस्यीय दल ने भाग लिया। जिसमें इंटरनेशनल रेफरी पूरनमल जाट, नेशनल रेफरी देवेन्द्र सारस्वत व नेशनल रेफरी अमित कुमार ने राष्ट्रीय निर्णायक की भूमिका निभाई।

इससे पहले नेशनल चैम्पियनशिप का शुभारंभ इंडियन पेनचक सिलाट फैडरेशन के नेशनल प्रेसीडेंट किशोर प्रकाश येवले, नेशनल जनरल सेक्रेटरी तारिक जरगर, नेशनल सीईओ मोहम्मद इकबाल, ओर्गनाइजिंग डायरेक्टर इरफान अजीज बोट्टा तथा ओर्गनाइजिंग सेक्रेटरी एंड ओडिशा पेनचक सिलाट एसोसिएशन स्टेट जनरल सेक्रेटरी प्रेम सिंह थापा द्वारा जगन्नाथ भगवान एवं हनुमान के तेलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

## कृषि महाविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेंट

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कृषि महाविद्यालय बीकानेर में 9 साल बाद फिर से शुरू हुए कैम्पस प्लेसमेंट में 06 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि 17 अप्रैल को करीब एक दशक बाद कृषि महाविद्यालय बीकानेर में फिर से कैम्पस प्लेसमेंट की शुरूआत की गई थी। जिसमें कृषि महाविद्यालय बीकानेर और आईएबीएम ( इंस्टीट्यूट ऑफ एग्री बिजनेस मैनेजमेंट) के करीब 40 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया था। घरडा केमिकल्स में कृषि महाविद्यालय के 04 और आईएबीएम के 02 स्टूडेंट्स का चयन मार्केटिंग डवलपमेंट ऑफिसर के पद पर हुआ है।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ पी. के. यादव ने बताया कि कैम्पस प्लेसमेंट में घरडा केमिकल्स के क्षेत्रीय प्रबंधक गजेन्द्र सिंह शेखावत, क्षेत्रीय प्रबंधक मार्केटिंग डॉ. एल. के. दाधीच और एरिया सेल्स इंचार्ज अनिल ढाका ने कंपनी प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहकर कम्पनी मानकानुसार लिखित परीक्षा, ग्रुप चर्चा एवं इंटरव्यू का आयोजन किया था।

## टैक्सी पलटने से एक की मौत

**बीकानेर,** (कासं)। शहर के बीछवाल थाना इलाके में टैक्सी पलटने से एक जने की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार बीछवाल हुसंग्सर से आगे नगासर रोड पर टैक्सी पलटा खा गई। जिसमें सवार नगासर निवासी 37 वर्षीय केशर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना के साथ ही बीछवाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और खादिम खिदमतगार सोसायटी व असहाय सेवा संस्थान के सेवादारों सोयेब भाई, मो. जुनैद ख़ान, राजकुमार खडगावत, ताहीर हुसैन, रमजान, मो. सतार, आसुराम कच्छावा, त्रिलोक सिंह, लक्ष्मण सिंह के सहयोग से शव को पीबीएम की मोर्चरी में रखवाया है।

## एस.डी.एम. हनुमानगढ़ के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। बार संघ हनुमानगढ़ ने कलेक्ट्रेट परिसर में एसडीएम हनुमानगढ़ के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। अधिवक्ताओं ने एसडीएम पर सुनवाई नहीं करने सहित कई गंभीर आरोप लगाते हुए एडीएम को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की।

वहीं एसडीएम दिव्या सरोज चौधरी ने अधिवक्ताओं के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए बताया कि राजस्व अधिवक्ताओं ने कभी ऐसी कोई शिकायत नहीं की है। बार संघ अध्यक्ष नरेन्द्र माली के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया कि हनुमानगढ़ एसडीएम का रवैया ठीक नहीं है। वह नियमानुसार इजलास में बैठक कर सुनवाई नहीं करती हैं। इजलास पर ताला लगा रहता है तथा मुकदमों की सुनवाई के लिए अधिवक्ताओं को उपखंड अधिकारी से मिलने के लिए बाबू के पास जाकर इजाजत का इंतजार करना पड़ता है। जबकि संबंधित मामलों के पक्षकार उपखंड अधिकारी के रिश्तेदारों की मदद से उनके चैम्बर में बैठे रहते हैं।

- **अधिवक्ताओं ने एसडीएम पर सुनवाई नहीं करने सहित कई गंभीर आरोप लगाए**

बाहरी व्यक्तियों का उपखण्ड न्यायालय में लम्बित मामलों पर अनाधिकृत प्रभाव भी रहता है। इस संबंध में जब बार संघ सचिव राहुल बिस्सा, वरिष्ठ अधिवक्ता रविप्रकाश गोयल, जोधा सिंह, योगेश स्वामी आदि अधिवक्ता एसडीएम से मिलने गए तो उनका व्यवहार अशोभनीय रहा।

# लड़कियों से कॉलिंग करवा ब्लैकमेल करने के धंधे का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। पुलिस ने मोबाइल पर अश्लील वीडियो कॉलिंग और वाइस कॉलिंग के माध्यम से लोगों को ब्लैकमेल करने के गिरोह का पर्दाफाश किया। कार्रवाई के तहत दो फर्जी कॉल सेंटरों की संचालिका समेत चार जनों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 12 लड़कियों को भी काबू किया गया है। इनमें पांच किशोरी हैं।

एक सेंटर कोतवाली क्षेत्र सी ब्लॉक में ज्वैलर्स के शोरूम के चौबारे में तो दूसरा सदर थाना क्षेत्र गांव 7 एलएनपी में एक घर में कॉल सेंटर संचालित हो रहा था। कोतवाली के एएसआई कृष्ण कुमार की अगुवाई में टीम ने मकान नबर 15 सी ब्लॉक में गणेशगढिया ज्वैलर्स के ऊपर किराए की दुकान में संचालित द् सीक्रेट कैफे की संचालिका 38 वर्षीय माया यादव पत्नी विकास को काबू किया। यह महिला गांव 7 एलएनपी की मूल निवासी है। इसके कब्जे से बिना सिम वाले एन्ड्रॉयड फोन बरामद किए।

कैफे के ऊपर बनी दूसरी दुकान से 28 वर्षीय गुरदाससिंह पुत्र जीतसिंह मजबी सिख को गिरफ्तार किया। यह समेजा कोठी रायसिंहनगर क्षेत्र चक 34 पीएस का रहने वाला है। इस कॉलिंग सेंटर से छह युवतियों एवं नाबालिग बालिकाओं को काबू किया। यहां से 13 मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने संचालिका माया और गुरदास सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 370,384,420,120 बी, धारा 84 जेजे एक्ट और धारा 66 सी आईटी एक्ट में दर्ज किया है।



**हनुमानगढ़ सदर थाना पुलिस ने मोबाइल पर अश्लील वीडियो कॉलिंग के माध्यम से लोगों को ब्लैकमेल करने वाले गिरोह को दबोचा।**

- **दो फर्जी कॉल सेंटरों की संचालिका समेत चार जनों को गिरफ्तार किया**

पुलिस ने बताया कि सी ब्लॉक में संचालित कॉल सेंटर की संचालिका माया देवी ने युवतियों और नाबालिग लड़कियों को महीने के दस हजार से लेकर बीस हजार रुपए में नौकरी देने का यह तरीका अपनाया। इसके लिए बकायदा इंटरव्यू से ज्वाइनिंग कराई जाती थी। इन लड़कियों को यार एप के माध्यम से जोड़ा गया। इस एप में लड़कियों की फोटो और नाम अंकित होते हैं, जिस कॉलर को लड़की से बात करनी होती है तो वह कॉल करता है। जितनी देर ज्यादा बातें होगी तो उसका बिल ज्यादा बनेगा। बीस हजार प्वाइंट पर पन्द्रह सौ रुपए एक कॉलर से वसूल किया जाता। इसके लिए लड़कियों का बैंक खाता भी खोला गया था। वीडियो कॉल के दौरान पूरी रिकॉर्डिंग करने के बाद संबंधित कॉलर को ब्लैकमेल भी किया जाता।

सदर सीआई रमेश कुमार को सूचना मिली कि गांव 7 एलएनपी में संजय यादव के मकान में अवैध रूप से कॉल सेन्टर संचालित किया जा रहा है। इस पर पुलिस ने गांव 7 एलएनपी में आरोपी संजय यादव के मकान पर दबिश दी। यहां दो बालिग व दो नाबालिग लड़कियां एक एप विशेष से वीडियोकॉल से लोगों को ब्लैकमेल कर धोखाधडी से काइंस के रूप में रुपए ऐंठते हुए पाई गई। पुलिस ने आरोपी 43 वर्षीय संजय पुत्र ब्रहामाराम यादव और उसकी पत्नी 35 वर्षीय अंजू को गिरफ्तार किया। इस घर से चारों लड़कियों को दस्तयाब किया गया।

## करंट की चपेट में आने से दो सगे भाईयों की मौत

**चूनावढ़,** (कासं)। चूनावढ़ थाना अंतर्गत गांव भादवा वाली में खेत में काम कर रहे दो भाईयों की करंट लगने से मौत हो गई।

मृतकों के शवों को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। अगले दिन दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए गए है। नम आंखों से गमगीन माहौल में दोनों शवों का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस जानकारी के अनुसार बीती रात 9 और 10 बजे के करीब दो सगे भाई खेत में काम कर रहे थे। अंदाजा लगाया जा रहा है कि जमीन पर पड़ी विद्युत तार को हटाने के लिए ट्रैक्टर से एक भाई नीचे उतरा। बिजली की तार को साइड में करते समय वह करंट की चपेट में आ गया। भाई को तड़पते देख दूसरे भाई ने बचाव की कोशिश की गई, जिस दौरान वह भी करंट की चपेट में आ गया।

हादसे में दोनों सगे भाई नरेन्द्र कुमार (36) व भीमसेन (40) पुत्र सत्यप्रकाश जाति भादू निवासी ढाणी 501 एलएनपी भादवां वाली पुलिस थाना चूनावढ़ की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर चूनावढ़ पुलिस थाना के एसएचओ राजीव रॉयल पुलिस जाब्ते के साथ मौके पहुंचे और घटना स्थल का मौका मुआयना कर शवों को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने दोनों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए। घटना का पता चलते ही गांव में मातम छा गया और शाम को गमगीन माहौल में नम आंखों से मृतकों के शवों का अंतिम संस्कार किया गया है।




**भादवा वाली गांव के खेत में पड़े बिजली का तार हटाने के लिए ट्रैक्टर से एक भाई नीचे उतरा तो करंट की चपेट में आ गए।**